भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न संख्या : **344**

दिनांक 16 सितम्बर , 2020 / 25 भाद्रपद, 1942 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

<u>बिहार में उड़ान योजना</u>

344. श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस वर्ष के दौरान उड़ान (उड़े देश का आम नागिरक) योजना के अंतगत बिहार में कितने स्थानों से हवाई यातायात आरंभ करने का प्रस्ताव है;
(ख) क्या यह सच है कि इस योजना के अधीन बिहार के दरभंगा से प्रस्तावित उड़ानों को प्ररांभ करने में काफी विलंब हुआ है;
(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और
(घ) सभी अड़चन को कब तक दूर कर लिया जाएगा और दरभंगा से उड़ान कब तक आरंभ हो जाएगी?

<u>उत्तर</u>

<u>नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)</u>

(क) से (घ): भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई), कार्यान्वयन एजेंसी ने क्षेत्रीय समपर्कता योजना(आरसीएस) -उड़े देश का आम नागरिक(उड़ान) के अंतर्गत बिहार में दरभंगा से हवाई सेवा आरंभ करने हेतु चयनित एयरलाइन प्रचालक (एसएओ) को निम्नलिखित नेटवर्क अवार्ड किया है: -

1. मुंबई - दरभंगा - मुंबई
2. दिल्ली - दरभंगा - दिल्ली
3. बेंगलुरु - दरभंगा - बेंगलुरु

चयनित एयरलाईन प्रचालक(SAOs), आरसीएस मार्ग पर अवार्ड पत्र जारी होने के 6 माह के भीतर या हवाईअड्डा तैयार होने के 2 माह के भीतर,इनमें से जो भी बाद मे हो, आरसीएस उड़ान का प्रचालन आरंभ करने हेतु बाध्य है जब तक कि कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा इस अवधि को बढ़ाया नहीं जाता है। दरभंगा हवाईअड्डा भारतीय वायु सेना का एक हवाईअड्डा है, जहाँ प्रस्तावित आरसीएस प्रचालन हेतु रनवे को सुदृढ़ किया जाना था। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने रनवे की सुदृढ़ता और टर्मिनल भवन के निर्माण के लिए कार्य आरंभ कर दिया है। रनवे का कार्य सुदृढ़ हो जाने पर दरभंगा से आरसीएस का प्रचालन आरंभ किया जा सकता है। नवंबर 2020 के आरंभ में ही परिचालन आरंभ करने की योजना बनाई गई है। यथाआवश्यक परिचालन और प्रक्रियात्मक अपेक्षाओं को तदनुसार पूरा किया जाएगा।

*****